# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.09.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- नीट पी जी– 2026 का परिणाम घोषित, ढाई लाख से अधिक उम्मीदवारों ने दी थी परीक्षा।
- वाइपर द्वीप की एकीकृत प्रबंधन योजना पर 30 सितंबर को होगी जनसुनवाई, आम लोगों और हितधारकों से मांगे गए सुझाव।
- विश्व पर्यटन दिवस पर द्वीप समूह में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पर्यटन को नई दिशा देने की तैयारी।
- व्यावसायिक शिक्षा को व्यावहारिक अनुभव से जोड़ने की पहल, केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान में शिक्षकों और विद्यार्थियों ने कृषि एवं प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन की तकनीकों को जाना।

<><><><><><>

राष्ट्रीय चिकित्सा विज्ञान परीक्षा बोर्ड ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नीट पीजी–2026 का परिणाम घोषित कर दिया है। वर्ष 2026–27 के प्रवेश सत्र के विभिन्न एमडी, एमएस, डीएनबी, डॉक्टर एनबी (6 वर्षीय पाठ्यक्रम) और पीजी मेडिकल डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 30 अगस्त को देश भर में परीक्षा आयोजित की गई थी। बोर्ड के अनुसार, कुल 2 लाख पैंसठ हजार नौ सौ साठ उम्मीदवारों ने परीक्षा दी थी। बोर्ड ने बताया कि उम्मीदवार पहली अक्टूबर या उसके बाद आधिकारिक वेबसाइट से अपना स्कोर कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही उत्तर कुंजी पहली अक्तूबर को बोर्ड की वेबसाइट पर प्रकाशित होने की उम्मीद है।

<><><><><><>

वाइपर द्वीप के लिए तैयार की जा रही एकीकृत द्वीप प्रबंधन योजना के प्रारूप पर 30 सितंबर को जनसुनवाई आयोजित की जाएगी। यह जन सुनवाई सुबह 11 बजे दक्षिण अंडमान जिले के उपायुक्त कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में होगी। पर्यावरण एवं वन विभाग ने ई आई ए अधिसूचना, 2006 के तहत यह जन सुनवाई आयोजित करने की प्रक्रिया शुरू की है। प्रारूप आई आई एम पी के साथ कोस्टल लैंड यूज मैप और जियोमॉर्फोलॉजी मैप की प्रतियां अंडमान एवं निकोबार प्रशासन और पर्यावरण एवं वन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। जन सुनवाई में आम नागरिक और संबंधित हितधारक वाइपर द्वीप की प्रस्तावित प्रबंधन योजना के संबंध में अपनी राय और सुझाव रख सकेंगे।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। इस एक सौ अड़तीसवीं कड़ी का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क के साथ–साथ आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यू–ट्यूब चैनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

<><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से 27 सितंबर को डिजिटल एजेंडा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टू रिडिजाइन टूरिज्म विषय पर विश्व पर्यटन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर द्वीप समूह में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बर्ड टूरिज्म कार्यशाला, पर्यटन वीडियो प्रतियोगिता, कॉर्बिन कोव बीच पर बीच वॉलीबॉल और रस्साकसी प्रतियोगिताएं शामिल हैं। इसके अलावा 27 सितंबर को हवाई अड्डे, स्वराज द्वीप, शहीद द्वीप और सेलुलर जेल पहुंचने वाले पर्यटकों का पारंपरिक स्वागत किया जाएगा तथा सेलुलर जेल, चाथम सॉ मिल, समुद्रिका नवल मरीन म्यूजियम, मानव विज्ञान संग्रहालय और मत्स्य संग्रहालय जैसे चुनिंदा संग्रहालयों में पर्यटकों के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। पर्यटन विभाग ने सभी नागरिकों, पर्यटकों और युवाओं से इस उत्सव में शामिल होकर द्वीप के पर्यटन को एक नई दिशा देने की अपील की है।

<><><><><><>

व्यावसायिक शिक्षा के मास्टर ट्रेनर्स के लिए व्यावहारिक कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत द्वीप समूह के साठ शिक्षकों ने कल केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। जहाँ उन्हें पशु विज्ञान और बागवानी से जुड़े विभिन्न वैज्ञानिक तौर–तरीकों की व्यावहारिक जानकारी दी गईं। आज श्री विजयपुरम के निजी स्कूल में स्कूल के आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं कक्षाओं के सत्तर विद्यार्थियों ने भी संस्थान का दौरा करके कृषि, जैव विविधता और मत्स्य पालन की कार्यप्रणाली को समझा। इस पूरे शैक्षणिक दौरे का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों और विद्यार्थियों को कृषि, बागवानी, पशुपालन और प्राकृतिक संसाधनों के प्रबंधन से जुड़ी आधुनिक तकनीकों का प्रत्यक्ष अनुभव कराना था ताकि वे अपनी पढ़ाई और शिक्षण कार्य में इसका बेहतर उपयोग कर सकें।

<><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय मायाबंदर में आज राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस के अवसर पर कई गतिविधियों का आयोजन किया गया। नशा मुक्त भारत अभियान पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उत्तर और मध्य अंडमान के अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एस. कृष्णा चैतन्य ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य अतिथि ने छात्रों और शिक्षकों को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई और युवा समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने पर जोर दिया।

<><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान के मात्स्यिकी विज्ञान संभाग द्वारा अंडमान निकोबार प्रशासन के मत्स्य विभाग और आत्मा के सहयोग से फिनफिश और शेलफिश रोग निदान तथा प्रबंधन पर चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 से 25 सितंबर तक किया जा रहा है। एन एस पी ए ए डी दूसरे चरण के तहत आयोजित इस प्रशिक्षण में चौदह पुरुष किसानों सहित कुल उन्नीस मत्स्य पालकों ने हिस्सा लिया, जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों को मछली और झींगा प्रजातियों में होने वाली बीमारियों की समय पर पहचान, रोकथाम और उनके प्रबंधन की व्यावहारिक जानकारी देना था। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. जय सुंदर और कोर्स डायरेक्टर डॉ. जे. प्रवीणराज ने महत्वपूर्ण विचार रखे।

<><><><><><>

विद्युत विभाग के अनुसार आगामी 26 सितंबर को सुबह सात बजे से दोपहर दो बजे तक शहर के कई प्रमुख इलाकों में बिजली की आपूर्ति पूरी तरह से बाधित रहेगी। इसमें विद्युत भवन, सचिवालय, कोर्ट कॉम्प्लेक्स, राज निवास, गांधी पार्क, शादीपुर, साउथ पॉइंट, मजार पहाड़, मची लाइन, आरजीटी रोड, गवर्नमेंट प्रेस और जेएनआरएम कॉलेज जैसे महत्वपूर्ण स्थान शामिल हैं। इसके अलावा गुरुद्वारा लेन का कुछ हिस्सा, बंगाली क्लब, बिग्गी लेन, मानवविज्ञान संग्रहालय, मिडिल पॉइंट, लिंक रोड, वीआईपी रोड, पुलिस लाइन, जंगलीघाट का कुछ हिस्सा, डेयरी फार्म जंक्शन, सीपीडब्ल्यूडी कॉम्प्लेक्स, लंबा लाइन, रांची टेकरी, स्कूल लाइन और मिनी बे का कुछ हिस्सा, राजस्थान मंदिर, ए एल डब्ल्यू एच कॉलोनी, हवाघर जंक्शन, दूध लाइन, नयागांव, बरगत लाइन, जी पी आर ए कॉलोनी और कार्बन्स जंक्शन भी इस कटौती से प्रभावित रहेंगे।

<><><><><><>

डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान के होटल प्रबंधन विभाग की ओर से पहाड़गांव स्थित परिसर में पहली अंतर–विद्यालय और महाविद्यालय शेफ प्रतियोगिता का उद्घाटन किया गया। इस दो दिवसीय पाककला प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य द्वीप के युवाओं और छात्रों को अपनी रचनात्मकता और कौशल दिखाने का अवसर देना था। दक्षिण अंडमान की उपायुक्त पल्लवी सरकार ने मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम का उद्घाटन किया और संस्थान की प्राध्यापक डॉ. सन्मुख कौर ने छात्रों में कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर के अनुसार पॉन्डिचेरी विश्वविद्यालय की सी बी सी एस और एन ई पी स्नातक (कला, वाणिज्य और विज्ञान) की नवंबर–दिसंबर 2026 की परीक्षाएं 16 नवंबर से आयोजित की जाएंगी। शैक्षणिक वर्ष 2021–22 से 2025–26 के बीच प्रवेश पाने वाले और जिन विद्यार्थियों की कोई परीक्षा बाकी है, वे अपने परीक्षा फॉर्म 29 सितंबर तक प्रवेश एवं परीक्षा विंग में जमा करा सकते हैं।

<><><><><><>